तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 22.0° | 30.0° |
| इंदौर | 22.0° | 30.0° |
| जबलपुर | 23.0° | 30.0° |
| ग्वालियर | 26.0° | 34.0° |
| सागर | 23.0° | 30.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 289, पृष्ठ 12)
भाद्रपक्ष, शुक्ल षष्ठी संवत् 2083
गुरुवार, 17 सितम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये


www.naidunialive.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



**राजधानी...** मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की भेंट...


**खेल...** सैंडपेपर गेट विवाद के बाद दक्षिण अफ्रीका में आस्ट्रेलिया...


**व्यापार...** बंगाल में दुर्गा पूजा से पहले 25 हजार करोड़ की ...


**देश-विदेश...** नेपाल में मातृत्व अवकाश 90 दिन से बढ़ाकर ...

## खास-खबरें

### मोदी के मित्र को जमीन विवाद में राहत

**नईदुनिया ब्यूरो, भायंदर:** महाराष्ट्र के ठाणे स्थित मीरा रोड निवासी 81 वर्षीय असगर अली वोहरा को जमीन विवाद में राहत मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 8 सितंबर को मुलाकात के आठ दिन बाद भाजपा विधायक नरेंद्र मेहता ने विवादित जमीन से कब्जा छोड़ने और निर्माण अनुमति सरेंडर करने की बात कही। वोहरा के अनुसार, वह करीब 15 वर्षों से जमीन विवाद को लेकर सरकारी विभागों के चक्कर लगा रहे थे। उनका आरोप था कि जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे दो कंपनियों के बीच बांट दिया गया। वर्ष 2015 में प्राथमिकी भी दर्ज हुई थी।

### कांग्रेसी फर्जी पासपोर्ट मामले में गिरफ्तार

**नईदुनिया ब्यूरो, अहमदाबाद:** गुजरात एटीएस ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गीताबेन पटेल के बेटे हरिकेश पटेल को फर्जी पासपोर्ट मामले में गिरफ्तार किया है। अहमदाबाद निवासी हरिकेश को 12 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 13 सितंबर को अदालत ने उसे छह दिन की रिमांड पर भेज दिया। आरोप है कि हरिकेश ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपना भारतीय पासपोर्ट प्रवर्तन निदेशालय के पास जमा किया था। इसके बाद उसने पासपोर्ट गुम होने की शिकायत दर्ज कराई और कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दूसरा पासपोर्ट बनवाया। यह पासपोर्ट 2024 में गाजियाबाद क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से हासिल किया गया था।

### 10 हजार छात्रों के लिए बनेंगे हॉस्टल

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार राजधानी में करीब 10 हजार कॉलेज और विश्वविद्यालय छात्रों के लिए हॉस्टल बनाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा कि दूसरे राज्यों से दिल्ली पढ़ने आने वाले विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित और किफायती आवास की कमी को दूर करने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विभिन्न सरकारी विभाग हॉस्टल का निर्माण करेंगे। जरूरत पड़ने पर इसके लिए जमीन भी उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार निर्माण कार्य और हॉस्टल के बेहतर रखरखाव में तेजी लाने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर भी विचार कर रही है।


### तमिलनाडु सीएम पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**नईदुनिया ब्यूरो, चेन्नई :** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पुलिस ने डीएमके नेता ए. राजा और पूर्व मंत्री पीके सेकर बाबू के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों नेताओं ने 12 सितंबर को डीएमके के प्रदर्शनों के दौरान कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सैदापेट पुलिस ने ए. राजा के खिलाफ शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। वहीं, सेकर बाबू के खिलाफ नॉर्थ बीच थाने में मामला दर्ज किया गया है। दोनों मामलों में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराएं लगाई गई हैं। एक अन्य डीएमके विधायक वसंतम कार्तिकेयन के खिलाफ भी मामले दर्ज किए गए हैं।

देशभर में होंगे सेवा कार्यक्रम, वडनगर और वाराणसी से निकलेगी बाइक रैली

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर 'एक दीया आशीर्वाद का'

*__नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:__ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 76वां जन्मदिन 17 सितंबर को मनाया जाएगा। इस अवसर पर देशभर में विभिन्न सेवा और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाने की तैयारी है। प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर से भी कार्यक्रमों को जोड़ा गया है। जन्मदिन के अवसर पर शाम 7 बजे देशभर में घरों में एक दीया आशीर्वाद का जलाने की अपील की गई है। मध्य प्रदेश के उज्जैन में शिप्रा नदी के घाटों और महाकाल लोक क्षेत्र में करीब 25 लाख दीप जलाने की तैयारी है। जम्मू-कश्मीर में भी 8.9 लाख दीप जलाए जाने की योजना है। गुजरात के वडनगर और वाराणसी से एक साथ बाइक यात्राएं*




*शुरू होंगी। दोनों यात्राओं में करीब एक हजार युवा शामिल होंगे। ये यात्राएं 10 राज्यों के 193 जिलों और करीब 1,159 गांवों से होकर गुजरेंगी और लगभग 40 हजार किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। दोनों यात्राओं का समापन 7 अक्टूबर को होगा।*

*हरियाणा के फरीदाबाद में दिव्यांगजनों को इलेक्ट्रिक स्कूटी वितरित की जाएगी। मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया समेत 10 प्रमुख स्थानों को रोशन किया जाएगा। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में करीब 50 हजार अन्नपूर्णा योजना लाभार्थियों के कार्यक्रम की तैयारी है। अभियान के दौरान रक्तदान शिविर समेत विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 7 अक्टूबर को जिला मुख्यालयों पर सेवा ज्योति कलश यात्रा निकालने की भी योजना है।*

### आज नितिन नबीन इंदौर-उज्जैन में
### 50 लाख पट्टों की निशुल्क रजिस्ट्री कराएगी सरकार



*__नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:__ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को इंदौर से सेवा-संकल्प अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन पहली बार मध्यप्रदेश आएंगे और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन योजना-2026 के तहत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित जमीन के 50 लाख से अधिक पट्टाधारियों के पट्टों की रजिस्ट्री कराकर उन्हें निशुल्क प्रदान करने की प्रदेशव्यापी शुरुआत की जाएगी। उन्होंने इसे प्रदेशवासियों के लिए बड़ी सौगात बताया। श्री नबीन 17 सितंबर को शाम सात बजे उज्जैन में शिप्रा नदी के तट पर आयोजित दीपोत्सव और संध्या आरती में शामिल होंगे।*



# झीरम हत्याकांड में दस लोगों को फांसी की सजा

▶▶ 2013 में कांग्रेस परिवर्तन यात्रा के काफिले पर हुआ था हमला, 29 की गई थी जान



**नईदुनिया ब्यूरो, जगदलपुर/रायपुर:** 2013 के झीरम घाटी नक्सली हमले के मामले में जगदलपुर की एनआईए अदालत ने 10 दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। 25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा के काफिले पर हुए नक्सली हमले में तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, पूर्व नेता प्रतिपक्ष महेंद्र कर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 29 लोगों की मौत हुई थी।

करीब 13 साल चली सुनवाई के दौरान 101 गवाहों के बयान दर्ज किए गए और विभिन्न दस्तावेज अदालत के समक्ष प्रस्तुत किए गए। मृत्युदंड की सजा हाई कोर्ट के आदेश के बाद ही लागू होगी। तब तक सभी दोषी केंद्रीय जेल जगदलपुर में रहेंगे।

दोषियों को 30 दिन के भीतर हाई कोर्ट में अपील करने का अधिकार है। अभियोजन पक्ष ने दोषियों के लिए फांसी की मांग की थी, जबकि बचाव पक्ष ने सजा कम करने की दलील दी। मामले में 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सुनवाई के दौरान एक आरोपी की मौत हो गई, जिसके बाद 10 आरोपियों के खिलाफ फैसला आया।

25 मई 2013 की शाम सुकमा की ओर से लौट रहा कांग्रेस का काफिला दरभा क्षेत्र की झीरम घाटी से गुजर रहा था। इसी दौरान माओवादियों ने पहले आइईडी विस्फोट किया और फिर पेड़ गिराकर रास्ता बंद कर जंगल से काफिले पर गोलीबारी की। हमले में महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल और उनके बेटे दिनेश पटेल समेत कई लोगों की हत्या कर दी गई। हमले के बाद नक्सली सुरक्षाकर्मियों के हथियार भी लूट ले गए थे। एनआईए की चार्जशीट में पिस्टल, एके-47 राइफल, कारतूस, हैंड ग्रेनेड और अन्य उपकरण लूटे जाने का उल्लेख है।

# पीएफ के लिए वेतन सीमा 15 हजार से बढ़कर 25 हजार रुपये

### केंद्रीय कैबिनेट के फैसले से 51 लाख से अधिक कर्मचारियों को मिलेगा लाभ

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्रीय कैबिनेट ने भविष्य निधि के लिए बेसिक सैलरी की सीमा 15 हजार रुपये से बढ़ाकर 25 हजार रुपये करने का फैसला किया है। सरकार के अनुसार, इस बदलाव से 51 लाख से अधिक कर्मचारियों को पीएफ बचत और पेंशन का लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि फिलहाल देश में 7.89 करोड़ लोग पीएफ के दायरे में हैं। नई सीमा बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ते पर लागू होगी। इसमें पूरी लागत कंपनी या सकल वेतन शामिल नहीं होगा। इससे पहले वर्ष 2014 में पीएफ के लिए बेसिक सैलरी की सीमा 6,500 रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये की गई थी। यदि किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ता मिलाकर 25 हजार रुपये तक है, तो कंपनी के लिए पीएफ जमा करना अनिवार्य होगा। उदाहरण के तौर पर 20 हजार रुपये की सैलरी पर कर्मचारी के वेतन से 12 प्रतिशत यानी 2,400 रुपये पीएफ के लिए कटेंगे। कंपनी भी 12 प्रतिशत यानी 2,400 रुपये का योगदान करेगी। इस तरह हर महीने कुल 4,800 रुपये पीएफ खाते में जाएंगे। वहीं, यदि बेसिक सैलरी और महंगाई भत्ता मिलाकर राशि 25 हजार रुपये से अधिक है, तो कंपनी के लिए पीएफ काटना अनिवार्य नहीं होगा। हालांकि कर्मचारी और कंपनी की आपसी सहमति से पीएफ जारी रखा जा सकता है। 30 हजार रुपये की राशि पर पूरी रकम से पीएफ काटने पर कर्मचारी और कंपनी दोनों की ओर से 3,600-3,600 रुपये का योगदान होगा।




### अभिनेता अनंत नाग को दादा साहब फाल्के पुरस्कार



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** दिग्गज अभिनेता अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया जाएगा। प्रेस सूचना ब्यूरो ने बुधवार को इसकी घोषणा की। 22 सितंबर को गुजरात के केवड़िया में आयोजित 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनंत नाग को बधाई दी। 4 सितंबर 1948 को जन्मे अनंत नाग ने अपने लंबे फिल्मी करियर में 300 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया है। इनमें 250 से ज्यादा कन्नड़ फिल्में शामिल हैं। उन्होंने हिंदी, तेलुगु, तमिल, मराठी, मलयालम और अंग्रेजी फिल्मों में भी काम किया है।

# भारतीय युद्धपोत से टकराया पाकिस्तानी नौसेना का जहाज

▶▶ उत्तर अरब सागर में निगरानी मिशन के दौरान हुई टक्कर, भारत ने दर्ज कराया विरोध

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** उत्तर अरब सागर में 15 सितंबर की शाम पाकिस्तानी नौसेना का जहाज भारतीय नौसेना के युद्धपोत से टकरा गया।

भारतीय युद्धपोत नियमित निगरानी मिशन पर था। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तानी जहाज तेज रफ्तार से भारतीय जहाज के करीब आया और असुरक्षित तरीके से दिशा बदलने के बाद टक्कर हो गई। घटना अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुई। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी जहाज का नाम पीएनएस हुनैन है। यह यारमूक श्रेणी का जहाज है और समुद्री निगरानी तथा गश्त के लिए इस्तेमाल किया जाता है। टक्कर में



पाकिस्तानी जहाज को नुकसान पहुंचा, जबकि भारतीय युद्धपोत को कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। घटना के बाद भारत ने नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब किया और कड़ा विरोध दर्ज कराया। मंत्रालय ने पाकिस्तानी नौसैनिक इकाइयों के आचरण को अस्वीकार्य और गैर-पेशेवर बताया। भारत ने पाकिस्तानी अधिकारियों से समुद्र में सभी सैन्य इकाइयों द्वारा आवश्यक सावधानी बरतने और संबंधित समझौतों के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। दोनों देशों के नौसैनिक जहाजों के बीच इससे पहले 2011 में भी इसी तरह की घटना सामने आई थी। उस समय पाकिस्तानी नौसेना के बाबर और भारतीय नौसेना के आईएनएस गोदावरी से जुड़ी घटना हुई थी।

# सेंसर बोर्ड में बदलाव 18 नए सदस्य शामिल

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का पुनर्गठन करते हुए 18 सदस्यीय नए बोर्ड की घोषणा की है। नए बोर्ड में अभिनेत्री प्रीति जिंटा, अभिनेता सुनील शेट्टी और पंकज त्रिपाठी के अलावा टेलीविजन अभिनेत्री रुपाली गांगुली, पल्लवी जोशी और बंगाली अभिनेता प्रोसेनजीत चटर्जी शामिल हैं। तीन बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता संगीतकार रिकी केज, निर्देशक प्रियदर्शन, हंसराज हंस और नीला माधब पांडा शामिल हैं। इसके अलावा मनोज जोशी, विनोद अनुपम, अभिषेक जैन, सुप्रिया यार्लागड्डा, यतींद्र मिश्र, निशिगंधा वाड, वामन केंद्रे और रमेश पतंगे को भी बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। नए बोर्ड की जिम्मेदारी फिल्मों के प्रमाणन से जुड़े कार्यों को सिनेमैटोग्राफ अधिनियम के प्रावधानों के तहत पूरा करना होगा।

# लॉस एंजिल्स में कवरेज के दौरान हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी:** अमेरिका के लॉस एंजिल्स में मंगलवार शाम एनबीसी न्यूज का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार फोटो पत्रकार एलियाना मोरेनो और पायलट जॉर्ज मार्सिनिव समेत तीन लोगों की मौत हो गई। जमीन पर मौजूद एक व्यक्ति भी हादसे में मारा गया। दो लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है। हेलिकॉप्टर सैन फर्नांडो वैली के चैट्सवर्थ इलाके में एक बस और यात्री वाहन की टक्कर की कवरेज कर रहा था। यह हादसा सेल्फ-स्टोरेज सुविधा के पास पार्किंग क्षेत्र में हुआ।




हेलिकॉप्टर के गिरने के बाद उसमें आग लग गई और पास खड़ी गाड़ियां भी इसकी चपेट में आ गईं। एनबीसी लॉस एंजिल्स ने हादसे की जानकारी मिलने के बाद अपना लाइव प्रसारण रोक दिया। चैनल की एंकर कोलीन विलियम्स ने बताया कि स्टेशन का हेलिकॉप्टर शाम करीब सात बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ और उससे सवार लोगों का संपर्क टूट गया था। जिस बस हादसे की कवरेज के लिए हेलिकॉप्टर पहुंचा था, उसमें भी दो लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इस दुर्घटना के करीब दो घंटे बाद हेलिकॉप्टर हादसा हुआ। हेलिकॉप्टर दुर्घटना की जांच राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड और संघीय विमानन प्रशासन करेंगे। लॉस एंजिल्स की मेयर करेन बास और कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### ओटीटी सामग्री की निगरानी के लिए आरएसएस ने बनाया पैनल

**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने ओटीटी मंचों पर प्रसारित होने वाली सामग्री की निगरानी के लिए एक पैनल बनाया है। पैनल अश्लील, संस्कृति विरोधी, राष्ट्रविरोधी या बच्चों पर गलत प्रभाव डालने वाली सामग्री से जुड़े मामलों पर सुझाव देगा। संघ का मानना है कि ओटीटी पर उपलब्ध कुछ सामग्री बच्चों और युवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। फिलहाल ओटीटी सामग्री के लिए फिल्मों के केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड जैसी कोई पूर्व सेंसरशिप व्यवस्था नहीं है। आरएसएस से जुड़े लोगों ने ओटीटी सामग्री के लिए फिल्मों की तरह जांच और प्रमाणन व्यवस्था बनाने की मांग की है। पैनल की सिफारिशों के आधार पर आगे की व्यवस्था पर निर्णय हो सकता है।

# सोने की खदान धंसी, 67 से अधिक मजदूरों की मौत

▶▶ पश्चिमी कोर्दोफान प्रांत में हुआ हादसा, खदान में बड़ी संख्या में मजदूर मौजूद थे

**खार्तूम, एजेंसी:** सूडान के पश्चिमी कोर्दोफान प्रांत में सोने की खदान धंसने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में 67 से अधिक मजदूरों की मौत हो गई। खदान में अचानक मलबा गिरने से वहां काम कर रहे मजदूर उसके नीचे दब गए।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। खदान के भीतर फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए मलबा हटाने का काम किया गया। हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई गई है। पश्चिमी कोर्दोफान प्रांत सूडान के प्रमुख सोना उत्पादक क्षेत्रों में शामिल है। यहां बड़ी संख्या में मजदूर सोने की खदानों में काम करते हैं। खनन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और खदानों की स्थिति को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। हादसे के कारणों की जानकारी सामने नहीं आई है। खदान के धंसने के पीछे तकनीकी या संरचनात्मक कारणों की जांच की जा रही है।

**हीटवेव** *यूरोपीय संघ बनाएगा नया हीटवेव प्लान, 100 संवेदनशील क्षेत्रों की होगी पहचान...*

# यूरोप में भीषण गर्मी: 35 हजार मौतें, 6.6 लाख हेक्टेयर जंगल जले

**स्ट्रासबर्ग, एजेंसी:** यूरोप में इस साल भीषण गर्मी, सूखे और जंगलों की आग ने व्यापक असर डाला है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने यूरोपीय संसद में बताया कि गर्मी की लहरों से 35 हजार से अधिक अतिरिक्त मौतें हुईं। करीब 6.6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र आग की चपेट में आया और लगभग 1.2 करोड़ टन फसलें नष्ट हुईं।

डेन्यूब, राइन और गारोन जैसी प्रमुख नदियों का जलस्तर भी बेहद कम हुआ। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूरोपीय संघ गर्मी से निपटने के लिए नया हीटवेव प्लान तैयार करेगा। इसमें बेहतर पूर्व चेतावनी प्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारी, शहरों में ठंडक की व्यवस्था और कमजोर वर्गों की सुरक्षा पर जोर दिया जाएगा। यूरोपीय संघ जलवायु लचीलेपन के लिए 100 सबसे संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान भी करेगा और वहां जोखिमों का आकलन किया जाएगा।

इस साल जंगलों में लगी आग से बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। यूरोपीय संघ के संयुक्त अनुसंधान केंद्र के अनुसार, 14 सितंबर तक संघ में 6,66,236 हेक्टेयर क्षेत्र आग से जल चुका था। भीषण गर्मी और कम बारिश के कारण यूरोप की कई प्रमुख



नदियों का जलस्तर रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंचा। यूरोपीय संघ के अनुसार, लंबे समय से जारी सूखे और बार-बार पड़ रही गर्मी ने स्थिति को और गंभीर किया।

वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूरोप वैश्विक औसत की तुलना में लगभग दोगुनी तेजी से गर्म हो रहा है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के साथ अनुकूलन और आपदा से पहले तैयारी को भी जरूरी बताया। यूरोपीय संघ जंगलों की आग से निपटने के लिए अपनी अग्निशमन क्षमता बढ़ाने और सदस्य देशों के बीच राहत संसाधनों के बेहतर समन्वय की दिशा में भी काम करेगा।